# जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

प.1(4) नागरिक सेवा केन्द्र / जविप्रा / 2019 / डी– 669 दिनांकः 16-12-19

## कार्यालय आदेश

कार्यालय आदेश कमांक प.1(4) नागरिक सेवा केन्द्र / जविप्रा / 2019 / डी–480 दिनांकः 30.08.2019 व कार्यालय आदेश कमांक प.1 (8) नागरिक सेवा केन्द्र / जविप्रा / 2019 / डी–627 दिनांकः27.11.2019 के द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नाम हस्तान्तरण एवं लीजडीड (पट्टा) आवेदन की प्रकिया ऑनलाईन प्रारम्भ की गई है। इस संबंध मे निजी खातेदारी योजनाओ मे लीजडीड आवेदन करते समय आवेदक द्वारा खातेदार की एन.ओ.सी. सदस्यता सूची की फोटोप्रति प्रस्तुत की जाती है तो नागरिक सेवा केन्द्र मे पदस्थापित सलाहकारो द्वारा निम्न टिप्पणी अंकित कर पत्रावली संबंधित उपायुक्त को अग्रप्रेषित करेगे :–

" आवेदक द्वारा खातेदार की एनओसी सदस्यता सूची की फोटोप्रति प्रस्तुत की गयी है। जोन मे उपलब्ध मूल सूची से उपायुक्त स्तर पर मिलान कर लिया जावें ।"

साथ ही नाम हस्तांतरण / लीजडीड के प्रकरणो मे आवेदक के मूल दस्तावेज बैक अथवा किसी अन्य संस्था मे गिरवी है तो उस स्थिति मे संस्था द्वारा आवेदक के पक्ष मे मूल पत्र जिसमे भूखण्ड के दस्तावेजो को गिरवी रखने का उल्लेख हो, को प्राप्त कर पत्रावली अग्रिम कार्यवाही हेतु संबंधित उपायुक्त को प्रेषित कर सकेगे । ऐसे प्रकरणों मे मूल दस्तावेजो के मिलान /सत्यापन का दायित्व संबंधित जोन उपायुक्त का रहेगा।

ये आदेश तुरन्त प्रभाव से लागू होगे ।

(अर्चना सिंह)
सचिव

**प्रतिलिपिः–**निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. निजी सचिव, आयुक्त, जविप्रा, जयपुर।
2. निजी सचिव, सचिव, जविप्रा, जयपुर।
3. अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन / भूमि / एलपीसी / पीआरएन / पुनर्वास / पूर्व / पश्चिम)जविप्रा, जयपुर।
4. संयुक्त आयुक्त (संसाधन विकास एवं समन्वय / सिस्टम मैनेजमेंट), जविप्रा, जयपुर।
5. उपायुक्त जोन–1 से 14, पीआरएन–उत्तर / दक्षिण, प्रशासन, जॉच, स्टोर, वाहन, रिकॉर्ड, पीपीसी, आरएमएसी, एसएम जविप्रा,
6. सिस्टम एनालिस्ट, जविप्रा, जयपुर।
7. प्रभारी अधिकारी,नागरिक सेवा केन्द्र, जविप्रा जयपुर।
8. समस्त सलाहाकार, नागरिक सेवा केन्द्र, जविप्रा, जयपुर।

( गिरिराज अग्रवाल )
संयुक्त आयुक्त (सिस्टम मैनेजेंमेंट)

रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004
दूरभाष-{+91-141-2569696} : ईपीबीएक्स - +91-141-2569696 एक्सटेंशन: {5100}: